समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# विराट कोहली, रोहित शर्मा ग्रेड ए+ अनुबंध से बाहर ? बीसीसीआई ने दिया जवाब, कहा 'अब से...'

Publisher

Published on 14 May 2025



## रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसके बाद बीसीसीआई ने उनके ग्रेड ए प्लस अनुबंध को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली के अनुबंध को लेकर बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लिया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ग्रेड ए श्रेणी में बने रहेंगे, भले ही उन्होंने **टी20** और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो। इससे पहले अप्रैल में बीसीसीआई ने वार्षिक खिलाड़ी रिटेनरशिप **2024-25** की घोषणा की थी, जिसमें **रोहित शर्मा** और **विराट कोहली** को **जसप्रीत बुमराह** और **रवींद्र जडेजा** के साथ ग्रेड ए श्रेणी में रखा गया था।

देवजीत सैकिया ने एएनआई को बताया, "**हालांकि विराट कोहली और रोहित शर्मा टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके है**, 'लेकिन उनका **ग्रेड ए अनुबंध** जारी रहेगा। वे अभी भी भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा हैं और उन्हें ग्रेड ए की सभी सुविधाएं मिलेंगी।"

विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर सबको चौंका दिया। इस श्रृंखला के साथ भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अभियान शुरू होगा। लेकिन उससे पहले ही विराट ने अपने **14 साल** के करियर को खत्म करने का फैसला कर लिया।

विराट कोहली ने अपने टेस्ट करियर में **123 मैच** खेले हैं, जिसमें उन्होंने **46.85** की औसत से **9230** रन बनाए हैं। उन्होंने **210** पारियों में **30** शतक और **31** अर्धशतक बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद **254** रन रहा। वह **सचिन तेंदुलकर (15,921 रन), राहुल द्रविड़ (13,265 रन)** और **सुनील गावस्कर (10,122 रन)** के बाद इस प्रारूप में भारत के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

1. **7 मई** को रोहित ने इंग्लैंड दौरे से पहले **67 टेस्ट** और **11 साल** के करियर के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। उन्होंने **40.57** की औसत से **4301** रन बनाए, जिसमें **12 शतक** और **18 अर्द्धशतक** शामिल हैं। उन्होंने **2019** में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में **212 रन** का सर्वोच्च स्कोर बनाया था। रोहित भारत के 16वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे।

2. विराट और रोहित ने **2024** में **टी20** विश्व कप जीतने के बाद सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। विराट ने **35 टी20 विश्व कप** मैचों में **58.72** की औसत और **128.81** की स्ट्राइक रेट से **1292** रन बनाए हैं, जिसमें 15 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 89 रन है।

3. विराट ने **125 टी-20 मैचों** में **48.69** की **औसत** और **137.04** की स्ट्राइक रेट से **4188** रन बनाए हैं। उन्होंने एक शतक और 38 अर्धशतक बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 122 रन रहा। वह अब तक के दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

4. दूसरी ओर, रोहित ने **151 टी20 मैचों मे 32.05** की **औसत** और **140** से अधिक की स्ट्राइक रेट से **4231** रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और **32 अर्धशतक** लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर **नाबाद 121** रन है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.